



ललितपुर : समिति को संकल्प पत्र सौंपते जितेन्द्र यादव।

दैनिक जागरण

# पत्रकार ने लिया 'देहदान का संकल्प'

**ललितपुर ब्यूरो** : जनपद के पत्रकार जितेन्द्र यादव ने एक अनुकरणीय राह चुनी है, उन्होंने शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से (नैशनल ऑर्गन एण्ड टिश्यू ट्रांसप्लाण्ट ऑर्गेनाइजेशन) को अपना 'देहदान एवं अंगदान' का संकल्प पत्र सौंपा। यह निर्णय ने पत्रकार ने अपने जन्मदिन दिवस पर लिया। ललितपुर के पत्रकारिता जगत में संभवत: यह पहला मामला है जब किसी पत्रकार ने मृत्यु पश्चात शरीर के अंगों को समाज सेवा हेतु समर्पित करने का निर्णय लिया है। ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू एवं अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला ने जितेन्द्र यादव को आधिकारिक संकल्प प्रमाण-पत्र भेंट किया। खुशाल चन्द्र साहू ने कहा कि मृत्यु के बाद भी दूसरों को जीवन देने का यह संकल्प समाज के लिए सबसे बड़ा उपहार है। एक पत्रकार का काम समाज को आइना दिखाना होता है, लेकिन जितेन्द्र ने आज खुद उदाहरण बनकर समाज को एक नई दिशा दिखाई है।

# पत्रकार जितेंद्र यादव ने लिया देहदान-अंगदान का संकल्प



ललितपुर। देहदान को संकल्पित युवा के साथ संस्था पदाधिकारी।

ललितपुर। बार क्षेत्र के पत्रकार जितेंद्र यादव सेवरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक प्रेरणादायक और मानवीय पहल करते हुए देहदान एवं अंगदान का संकल्प लिया। उन्होंने शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन को ऑनलाइन संकल्प पत्र भरकर मानव सेवा की दिशा में एक अनुकरणीय कदम बढ़ाया। ट्रस्ट संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू एवं अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला ने जितेंद्र यादव को सोट्टो द्वारा जारी अंगदान संकल्प प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनकी इस पहल की सराहना की। खुशालचन्द्र साहू ने इस दिन इससे बड़ी कोई जनहितकारी सौगात नहीं हो सकती। जितेंद्र यादव ने मृत्यु के बाद भी दूसरों को जीवन देने का संकल्प लिया है, जो समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। इस दौरान केक काटकर उनका जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश बताया।

# जन्मदिन पर अनोखी पहलः पत्रकार जितेंद्र सेवरिया ने लिया देहदान-अंगदान का संकल्प

## » ललितपुर पत्रकार जगत में पहली बार किसी पत्रकार ने लिया ऐसा निर्णय

**अयोध्या टाइम्स** | ललितपुर



बार क्षेत्र के पत्रकार जितेंद्र यादव सेवरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल करते हुए देहदान एवं अंगदान का संकल्प लिया। उन्होंने National Organ and Tissue Transplant Organization (NOTTO) की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन संकल्प पत्र भरकर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चंद्र साहू एवं अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला मौजूद रहे। उन्होंने जितेंद्र यादव सेवरिया को NOTTO द्वारा जारी अंगदान संकल्प प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनकी पहल की सराहना की। खुशाल चंद्र साहू ने कहा कि जन्मदिन पर मानव कल्याण के लिए इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। यह संकल्प दूसरों को नया जीवन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर जन्मदिन भी मनाया गया। उपस्थित लोगों ने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। गौरतलब है कि जितेंद्र यादव बार क्षेत्र में भास्कर ऑनलाइन न्यूज और दैनिक जनप्रिय समाचार पत्र के संवाददाता के रूप में सक्रिय हैं और अपनी पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। उनकी यह पहल समाज में मानवता और सेवा भावना को मजबूत करने के साथ-साथ अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाएगी।